# राजस्थान सरकार
## निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राजस्थान, जयपुर

क्रमांक:–एफ.(4)/सां./मलेरिया माह/2009/384 दिनांक:– 05/05/09

समस्त,
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
राजस्थान।

विषय:– माह "जून 2009" को मलेरियारोधी माह मनाये जाने बाबत्।

राज्य में वर्ष 2009 में माह जून को मलेरिया रोकथाम माह मनाया जाना है। भारत सरकार द्वारा प्राप्त निर्देश एवं राज्य की कार्य योजना को प्रभावी क्षेत्रों के समस्त जिलों एवं ग्रामीण क्षेत्रों तक इस माह में किसी भी विपरीत परिस्थितियों से निपटने के लिये आपके जिले में निम्न बिन्दु अनुसार कार्य योजनाओं को प्रभावी तरीके से क्रियान्वित कर अधोहस्ताक्षरकर्ता को अवगत करावें।

1. जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति गठित कर अविलम्ब बैठक आयोजित की जावे।
2. नगरपालिका/नगरपरिषद/नगर निगम की मशीनरी का सदुपयोग करते हुए पानी के गढ़ड़ों इत्यादि को भरना, ड्रेनेज की रूकावट दूर करना तथा स्लम क्षेत्रों में सम्पूर्ण सफाई इत्यादि हेतु जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठकर सम्पूर्ण दिशा–निर्देश देना इत्यादि सुनिश्चित किया जावे।
3. खण्ड स्तर पर पंचायत समिति के प्रधान की अध्यक्षता में चयनित व्यक्तियों व अन्य संबंधित विभागों के कर्मचारियों की बैठक कर इस रोग के नियंत्रण में व्यापक चर्चा की जावे।
4. ANM/ MPW(M), आंगनवाडी कार्यकर्ता, आशा, स्वंयसेवी संस्थाओं, निजी संस्थाओं, शिक्षकों, पंचायत राज कर्मचारियों से घर–घर जाकर बुखार के रोगियों का सर्वे करवाकर रक्त जाँच कराने हेतु प्रेरित करें।
5. प्रदर्शनी एक सुगम माध्यम है। इसे सार्वजनिक स्थलों, हाट बाजार, स्वास्थ्य मेला लगाकर व्यापक प्रचार–प्रसार करावें।
6. स्थानीय ~~समाचार पत्रों में जन~~ प्रतिनिधि, निजी संस्थाओं, प्राईवेट ~~प्रेक्टिशनर, विभिन्न विभागों~~ द्वारा इस जनहित एवं पुनीत कार्य हेतु संयुक्त अपील कर राष्ट्रीय कार्यक्रम में सहयोग किया जावे।
7. शाला स्वास्थ्य के अन्तर्गत मलेरिया नियंत्रण के लिए दीवारों पर गेरू स्लोगन लिखवाये, रैली आयोजित करायी जावें तथा इसमें विभाग व अन्य संबंधित की सहायता भी ली जावे।
8. स्कूली बच्चों में मलेरिया की स्वास्थ्य शिक्षा देते हुए विभिन्न प्रतियोगितायें आयोजित करें।
9. स्थानीय लोक कलाकारों के माध्यम से स्थानीय भाषा में कठपुतली, कला–जत्था व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करवाकर संदेश जन–जन तक पहुंचाया जावे।
10. शत–प्रतिशत गांवों में एफटीडी खुलवाकर पर्याप्त मात्रा में दवाईयां उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।
11. निर्धारित समय पर कार्यक्रम के अनुसार डीडीटी अथवा अल्फासाईपरमेथ्रीन कीटनाशकों का स्प्रे करावें व स्प्रे हेतु आवश्यक सहायता यथा वाहन आदि उपलब्ध करावें तथा प्रभावी पर्यवेक्षक सुनिश्चित करें।
12. जहां पानी का निस्तारण नहीं हो सके वहां एन्टीलार्वा एक्टिविटीज जैसे जला हुआ मोबिल ऑयल/मिट्टी का तेल का छिडकाव करावें। छोटे–छोटे गढ़्ढ़ों को मिट्टी द्वारा भराया

जावे। जहां कम मात्रा में भी पानी रूकने की सम्भावना है जैसे छत पर खाली डिब्बों, बरतन, टायर आदि में व घर के आसपास पानी जमा न होने दे, इसके लिए आमजन को जागरूक किया जावें।

13. हैचरीज की मरम्मत कर गप्पी/गम्बूसिया मछलियां प्रर्याप्त मात्रा में एकत्रित कर ऐसा कार्यक्रम बनाऐं कि मानसून आते ही इन्हें वितरित कर सुरक्षित रखा जावे।
14. पानी के टांकों में टेमीफोस डलवाकर टांकों में ढक्कन लगवाने हेतु प्रेरित करें।
15. मेडीकेटेड मच्छरदानी के उपयोग हेतु व्यक्तिगत चर्चा कर अधिक से अधिक उपयोगिता में लाने हेतु प्रेरित करें।
16. शीघ्र निदान, उपचार हेतु उप स्वास्थ्य केन्द्र से जिला अस्पताल तक बुखार के मरीज को त्वरित एवं सम्पूर्ण उपचारित करने हेतु प्रयास किया जावे। पी.एफ. रोगी का आमूल उपचार तीन दिवस तथा पी.वी. रोगी को आमूल उपचार चौदह दिवस तक देवे। निःशुल्क सेवाओं की उपलब्धता बताते हुये सिनेमा स्लाइड, चौपाल कार्यक्रम, हुक्काग्रुप, माईक द्वारा जन–जन तक संदेश पहुचाने का कार्यक्रम तैयार कर क्रियान्वित किया जावे।
17. पानी के बर्तनों, टांको, टंकी आदि को ढक कर रखने व प्रत्येक सप्ताह कूलर के पानी को बदलने की सलाह दी जावें। सप्ताह में एक दिन सूखा दिवस मनाने हेतु प्रेरित करें। जब किसी भी स्थान पर पानी की कमी हो तो पानी को कपड़े से छानकर पुनः प्रयोग में लेने हेतु शिक्षा दी जावे।
18. बच्चों को सोते समय पूरी बाह के कपड़े पहनावें व ओढ़ाकर रखने की सलाह दी जावें।
19. स्थानीय स्तर पर हैंडबिल मुद्रित करवाकर व्यापक प्रचार–प्रसार किया जावें।
20. **मलेरिया रोकथाम माह की समाप्ति पर संलग्न प्रपत्र में प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।**

**निदेशक(जन0स्वा0)**
**चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें,**
**राजस्थान, जयपुर**

क्रमांकः–एफ (4)/सां./मलेरिया माह/2009/ दिनांकः–

प्रतिलिपि–निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, माननीय स्वास्थ्य मंत्री महोदय, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. समस्त संयुक्त निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राजस्थान।
4. समस्त उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी।
5. निदेशक, राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यकम, 22 शाम नाथ मार्ग, नई दिल्ली–110054
6. डॉ. कल्पना बरूआ, उप निदेशक, राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यकम, 22 शाम नाथ मार्ग, नई दिल्ली–110054
7. वरिष्ठ क्षैत्रिय निदेशक, स्वा. एवं प.क., केन्द्रीय सदन, सेक्टर–10, विद्याधर नगर, जयपुर।
8. समस्त चिकित्सा अधिकारी प्रभारी ब्लाक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र।

**निदेशक(जन0स्वा0)**
**चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें,**
**राजस्थान, जयपुर**

Annual Report of Observance of Anti Malaria Month & BCC activities under taken during 2008-09

| S.N. | Major Activities& Related Details | District Level | Block Level | Sub-Centre Level | Village |
|---|---|---|---|---|---|
| I | Advocacy workshops at different levels | | | | |
| | Number | | | | |
| | Organization(s)/Institution(s) responsible for implementation | | | | |
| | No. of participants (please attach list) | | | | |
| | No. of organizations/partner institutions carried out activities on prevention and control of VBD (attach details) | | | | |
| | Expenditure incurred | | | | |
| | Remarks | | | | |
| | | | | | |
| II | Inter-sectoral Coordination Meetings | | | | |
| | Number | | | | |
| | Organization(s)/Institution(s) responsible for implementation | | | | |
| | No. of participants (please attach list) | | | | |
| | No. of organizations/partner institutions carried out activities on prevention and control of VBD (attach details) | | | | |
| | Expenditure incurred | | | | |
| | Remarks | | | | |
| | | | | | |
| III | Programme Communication | | | | |
| a | **Folk Media & Inter-personal communication (Group meetings, Door-to-door campaigns, Plays, Skits, Song & Drama, Q&A sessions, any other)** | | | | |
| | Number | | | | |
| | Organization(s)/Institution(s) responsible for implementation | | | | |
| | No. of organizations/partner institutions carried out activities on prevention and control of VBD (attach details) | | | | |
| | Expenditure incurred | | | | |
| | Remarks | | | | |
| | | | | | |
| b | **Folk Media & Inter-personal communication (Group meetings, Door-to-door campaigns, Plays, Skits, Song & Drama, Q&A sessions, any other)** | | | | |
| | Number | | | | |
| | Organization(s)/Institution(s) responsible for implementation | | | | |
| | No. of organizations/partner institutions carried out activities on prevention and control of VBD (attach details) | | | | |
| | Expenditure incurred | | | | |
| | Remarks | | | | |
| | | | | | |
| c | **Folk Media & Inter-personal communication (Group meetings, Door-to-door campaigns, Plays, Skits, Song & Drama, Q&A sessions, any other)** | | | | |
| | Number | | | | |
| | Organization(s)/Institution(s) responsible for implementation | | | | |
| | No. of organizations/partner institutions carried out activities on prevention and control of VBD (attach details) | | | | |
| | Expenditure incurred | | | | |
| | Remarks | | | | |
| | | | | | |
| d | **Folk Media & Inter-personal communication (Group meetings, Door-to-door campaigns, Plays, Skits, Song & Drama, Q&A sessions, any other)** | | | | |
| | Number | | | | |
| | Organization(s)/Institution(s) responsible for implementation | | | | |
| | No. of participants (please attach list) | | | | |
| | No. of organizations/partner institutions carried out activities on prevention and control of VBD (attach details) | | | | |
| | Expenditure incurred | | | | |
| | Remarks | | | | |
| | | | | | |
| e | Other area specific activities under taken | | | | |